आर्मी पब्लिक स्कूल, शंकर विहार

अर्द्धवार्षिक परीक्षा-1( 2017-18)set 1

विषय-हिंदी ब

कक्षा :दसवीं | पूर्णांक :80 | समयावधि: 3 घंटे

निर्देश:

- इस प्रश्न-पत्र में चार खंड है क, ख, ग, और घ |
- सभी खंडो के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |

<u>खंड क</u> (अपठित बोध)

1

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 9

प्रसिद्ध ब्रिटिश विज्ञान पत्रिका न्यू साइंटिस्ट ने हाल के एक अंक में भारत पर एक विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह बताती है कि भारत अगली 'ज्ञान महाशक्ति' और विश्व में अग्रसर देश के रूप में उभर रहा है। ऐसा सुनना काफ़ी भारत के लिए अच्छा लगता है,जबकि हमारे देश की आबादी का एक अरब से अधिक है और साथ ही अनेक विलक्षण विरोधाभास भी मौजूद हैं। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की ग्यारहवीं सबसेप्रौद्योगिकी बड़ी अर्थव्यवस्था है।यदपि विश्व क निर्धनतम लोगों में एक चौथाई हमारे देश में ही निवास करतें हैं हम कार्बान ऑक्साइड के छठें सबसे बड़े उत्सर्जक हैं (शायद देश की प्रगति का यह एक संदिग्ध मापदंड है) तो भी करोड़ों लोगों को नियमित विद्युत् आपूर्ति भी नहीं मिल पाती । हमारे देश में 250 विश्वविद्यालय हैं,जिनमें 32 लाख विज्ञान के छात्र पढ़ते हैंकिंतु दूसरी तरफ़ 39 प्रतिशत भारतीय ऐसे हैं जो पढ़ या लिख नहीं सकते ।यह विरोधाभासी चित्र भी है वास्तविक। तब आखिर कैसे न्यू साइंटिस्ट यह कल्पना कर सकता है कि भारत अगली ज्ञान महाशक्ति के रूप में उभरकर आएगा ?

इस तथ्य का खंडन नहीं किया जा सकता कि पिछले पांच वर्षों में भारत में सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में सुस्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है । सौ से अधिक सूचना प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान आधारित फर्मों में भारत में अपनी अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की स्थापना की है।ये सभी उच्च प्रौद्योगिकी कम्पनियाँ हैं,जो उन प्रवर्तकों की खोज में भारत आई हैं,जिनके विचार तेजी-से विश्व पर छा जाने की आशा है । न्यू साइंटिस्ट पत्रिका का कहना है कि भारत में हो रहे बदलाव वास्तव में बड़े गहन हैं । अर्थव्यवस्था पर सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रभाव काफ़ी अधिक है । सिर्फ पिछले वर्ष के दौरान ,आईटी ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद(जी.डी.पी) में 3 प्रतिशत का योगदान किया है।प्रसंगवश, किसी देश का जी.डी.पी,उस देश का,उस देश के अंदर प्रति वर्ष उत्पादित सभी वस्तुओं एवं सेवाओं के कुल मूल्य के रूप में परिभाषित किया जाता है । इसके अतिरिक्त भारत औषधि और जैव प्रौद्योगिकी जैसे बहुत से क्षेत्रों में धीरे-धीरे विश्व नेता के रूप में उभर रहा है ।आज,भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम लगभग आत्मनिर्भर है तथा शीघ्र ही विदेशी सहायता से पूरी तरह स्वतंत्र होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हमारा नवीनतम रॉकेट , भू-तुल्यकालिक प्रशेपन यान(जी.एस.एल.वी) भू स्थिर कक्षा में बड़े उपग्रहों को ले जाने में सक्षम है ।

क) प्रसिद्ध ब्रिटिश विज्ञान पत्रिका न्यू साइंटिस्ट ने हाल के एक अंक भारत पर क्या रिपोर्ट निकली है ?

(ख)पिछले पांच वर्षों में भारत में सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में क्या बदलाव देखा जा रहाहै?

(ग) भारत किन-किन क्षेत्रों में धीरे-धीरे विश्व नेता के रूप में उभर रहा है स्वामी माना गया है?

(घ) आज,भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम लगभग आत्मनिर्भर है कैसे ?

(ड) उपरोक्त गद्यांश का शीर्षक लिखें ।

2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 6

हँस लो दो क्षण खुशी मिली गर
वरना जीवन भर क्रंदन है।-
किसका जीवन हँसीखुशी में-
इस दुनिया में रहकर बीता?
सदा सर्वदा संघर्षों को
इस दुनिया में किसने जीता?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता रोता-चमनचमन है।-
कितने रोज़ चमकते तारे
कितने रहरह गिर जाते हैं-?
हँसता शशि भी छिप जाता है
जब सावन घन घिर जाते हैं।
उगता ढलता रहता सूरज-
जिसका साक्षी नील गगन है।

आसमान को छूने वाली
वे ऊँची ऊँची मीनारें-
मिट्टी में मिल जाती हैं वे
छिन जाते हैं सभी सहारे।
दूर तलक धरती की गाथा
मौन मुखर कहता कणकण है।-
यदि तुमको मुसकान मिली तो
मुसकाओ सबके संग जाकर।
यदि तुमको सामर्थ्य मिला तो
थामो सबको हाथ बढ़ाकर।
झाँको अपने मनदर्पण में-
प्रतिबिंबित सबका आनन है।

i) कवि दो क्षण के लिए मिली खुशी पर हँसने के लिए क्यों कह रहा है?

ii) कविता में संसार की किस वास्तविकता को प्रस्तुत किया गया है?

iii) धरती का कण कौन सी गाथा सुनाता है रहता?

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

3 (क) शब्द की परिभाषा लिखिए। 2

(ख) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4 निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए :- 3

(क) शेर दिखाई देते ही लोग घर से भाग गए। (मिश्र वाक्य में)

(ख) प्रधानाचार्य जी के आते ही प्रार्थना शुरू हो गई ।(संयुक्त वाक्य में)

(ग)तुम आए और वह चला गया । (सरल वाक्य में)

5 (क) समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए - लोकप्रिय , पंचवटी 4

(ख)समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए -

आठ है अध्याय जिसके अर्थात पाणिनीय व्याकरण , रोग से मुक्त

6 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :- 4

(क)उसे मृत्युदंड की सज़ा मिली ।

(ख) मेरे को बाजार नही जाना ।

(ग) हाथी पानी पीकर नदी पार कर गई । (घ) मेरा पतंग नही उड़ रहा ।

7 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें:- 2

उँगली पर नचाना , गीदड़ भभकी देना

## खंड ग (पाठ्य पुस्तक)

8 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2+2+1

(क) 'बड़े भाई साहब' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(ख) 'रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें, तब उनका टूट जाना ही अच्छा है'-क्यों? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू के झंडा गाड़ने पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?

9 प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर बताइए। (5)

10 (क)'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ? (5)

(ख)ग्रीष्म ऋतु में संसार किस प्रकार तपोवन बना हुआ है?

(ग)श्रीकृष्ण के सलौने शरीर के लिए कवि ने किस उपमान का प्रयोग हुआ है ?

11 विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होनी चाहिए? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (5)

12 समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? 'हरिहर काका' के परिवार में मनमुटाव की हालत क्यों पैदा हो गई ?पाठ के आधार पर इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (5)

## खंड घ(लेखन)

13 दूरदर्शन के निर्देशक को पत्र लिखकर राष्ट्रीय एकता संबंधी अच्छे कार्यक्रम प्रसारित करने केलिए निवेदन कीजिए। (5)

14 कोष्ठक में दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए :- (5)

(क) लड़का लड़की एक समान दोनों से ही घर की शान

(समाज में लड़का लड़की केप्रति भिन्न दृष्टिकोण, लड़की के प्रति दृष्टिकोण को बदलना, समाज में दोनों की समानता लड़की केप्रति भेदभाव की समाप्ति व् उनकासम्मान

(ख) सर्वशिक्षा अभियान

साक्षरता की आवश्यकता,प्रजातंत्र की सफलता के लिए आवश्यक,कितना सफल कितना, कितना विफल

(ग) शिक्षा में सदाचार, (सदाचार क्यों , कैसे ,लाभ )

15 आपके विद्यालय में एक कवि सम्मेलन का आयोजन होने वाला है। अपने क्षेत्र के लोगों को इस अवसर पर का लाभ उठाने केलिए की 30 शब्दों में एक सूचना का प्रारूप तैयार कीजिए । (5)

16 'धूमपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है'इस मुददे पर चर्चा करते हुए दो मित्रों के बीच लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखें । (5)

17 जूट के बैग बनाने वाली कम्पनी हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)